Roll No. ......................

# BAHL–302

## हिन्दी भाषा का उद्भव एवं विकास

Bachelor of Arts (B. A.–12/16)

Third Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. शब्द एवं रूप में क्या अन्तर है ? रूप-निर्माण की दिशा में अर्थ-तत्त्व के कार्यों का उल्लेख कीजिये।
2. हिन्दी शब्द-भंडार के विविध स्रोतों का सोदाहरण परिचय दीजिये।
3. देवनागरी लिपि के गुण-दोषों का विवेचन कीजिये।
4. पूर्वी हिन्दी उपभाषा की प्रमुख बोलियों का भाषिक परिचय प्रस्तुत कीजिये।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी की स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिये।
2. हिन्दी भाषा में विशेषण के प्रयोग पर एक टिप्पणी लिखिये।
3. उपभाषा पहाड़ी हिन्दी का संक्षिप्त परिचय दीजिये।
4. देवनागरी लिपि के ऐतिहासिक विकास का विवरण दीजिये।
5. हिन्दी के शब्द-भंडार में सम्मिलित विदेशी शब्दों के विषय में बताइये।
6. पश्चिमी और पूर्वी हिन्दी के व्याकरणगत अन्तर को स्पष्ट कीजिये।
7. 'अर्थ-विस्तार' क्या है ? उपयुक्त उदाहरण देते हुए समझाइये।
8. संविधान-प्रदत्त राजभाषा का दर्जा व्यावहारिक रूप से हिन्दी को किस सीमा तक प्राप्त हो सका है ? सप्रमाण उत्तर दीजिये।

## खण्ड–ग

## (अति लघु उत्तरीय/वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चुनाव कीजिये :

1. 'क्ष' हिन्दी का संयुक्त व्यंजन है।

2. 'बघेली' पश्चिमी हिन्दी की बोली है।
3. हिन्दी का शब्द 'जिला' अंग्रेजी मूल का है।
4. हिन्दी भाषा में लिंग तीन होते हैं।
5. संविधान के अनुच्छेद 343 में आगामी पन्द्रह वर्ष तक हिन्दी के साथ अंग्रेजी के भी राजभाषा के रूप में प्रयोग की अनुमति दी गयी।

कोष्ठक में दिये गये विकल्पों में से उपयुक्त चुनाव करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये :

6. आधुनिक मानक हिन्दी ............... पर आधारित है।
(अवधी / खड़ी बोली / भोजपुरी)
7. गढ़वाली ............... की बोली है।
(पश्चिमी हिन्दी / पूर्वी हिन्दी / पहाड़ी हिन्दी)
8. ............ हिन्दी का संयुक्त स्वर है। (ऐ / अ / उ)
9. 'घटिया' शब्द को ...... अंतर्गत रखेंगे। (संज्ञा / सर्वनाम / विशेषण)
10. राजभाषा अधिनियम ............ ई. में बना। (1950 / 1963 / 1980)